भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 24 अप्रैल 2024, बुधवार

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा महाराष्ट्र के अमरावती में जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

****

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज बुधवार को महाराष्ट्र के अमरावती में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और राज्य की जनता से भाजपा – शिव सेना और एनसीपी युति (एनडीए) को हर सीट पर प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस, भाजपा नेता श्री रवि राणा एवं अमरावती से लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती नवनीत राणा सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

श्री शाह ने जनसभा में हुंकार भरते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और श्रीमती नवनीत राणा को एक बार फिर बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि **कमल के निशान का बटन दबाने का मतलब एक-एक वोट आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए है।** भाजपा को दिया एक-एक वोट इस देश को आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए होगा। **भाजपा को दिया एक-एक वोट देश प्रेमी और देश विरोधियों की लड़ाई में देश प्रेमियों के पक्ष में जाएगा, परिवार का राज्य और रामराज्य चाहने वालों की लड़ाई में रामराज्य के पक्ष में जाएगा।** श्री शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश के विकास के लिए कई कार्य किए हैं।

कांग्रेस पार्टी पर प्रहार करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस ने वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे पर राजनीति की लेकिन भाजपा सरकार बनने पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कर, उन्हें भव्य मंदिर में विराजमान किया।** एक तो कांग्रेस ने वर्षों तक मंदिर निर्माण को रोक कर रखा और प्राण-प्रतिष्ठा में न जाकर भगवान श्री राम का अपमान भी किया। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राम मंदिर के अलावा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, आपदा में नष्ट हुए बद्रीनाथ और केदारनाथ का जीर्णोंधार किया और सोमनाथ मंदिर का भी पुनरुत्थान किया है।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कश्मीर और महाराष्ट्र के रिश्ते पर प्रश्न खड़े करते हैं, लेकिन खड़गे को ये नहीं पता कि महाराष्ट्र का एक-एक बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने को तैयार है। **कांग्रेस सरकार ने 70 वर्षों तक धारा 370 को अनौरस बच्चे की तरह गले लगाकर रखा था, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का अभिन्न अंग बना दिया।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश से आतंकवाद को खत्म कर, देश के नागरिकों को सुरक्षित करने का कार्य किया है।

एनसीपी के नेता शरद पवार पर प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि वर्षों तक महाराष्ट्र के कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री तथा केंद्र में भी कृषि मंत्री रहने के बाद भी शरद पवार ने विदर्भ के किसानों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाए। भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना सरकार ने महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के जलप्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। **89 हजार करोड़ रुपए की लागत की नलगंगा-वैनगंगा इंटरलिंक परियोजना श्री देवेन्द्र फडणवीस द्वारा शुरू की गई थी। विदर्भ के नागपुर, वर्धा, अमरावती, यवतमाल और अकोला के 3 लाख 71 हजार हेक्टेर की जमीन पर किसानों को सिंचाई का फायदा मिलेगा।** नलगंगा-वैनगंगा इंटरलिंक परियोजना और अकोला शहर के जलापूर्ति परियोजना को भी भाजपा सरकार द्वारा ही शुरू किया गया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी यह अफवाह फैला रही है कि भारतीय जनता पार्टी को 400 पर वोट देने का मतलब आरक्षण समाप्त करना है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी यह सुनिश्चित करती है कि न आरक्षण व्यवस्था खत्म करेगी औज न ही किसी को ऐसे प्रयास करने देगी**। कांग्रेस केवल झूठ फैलाने की राजनीति करती है। भाजपा ने बहुमत का इस्तेमाल धारा 370, तीन तलाक, नागरिकता संशोधन अधिनियम को लागू करने के लिए किया है। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मुस्लिम माताओं और बहनों को सम्मान देते हुए तीन तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त कर दिया।** अमरावती के विकास के लिए श्रीमती नवनीत राणा ने कई विकास कार्य किए हैं। **750 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण, 500 करोड़ रुपए से अर्बन डेवलपमेंट का काम, 77 हजार घरों का निर्माण हुआ, 6 लाख लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत फायदा मिला, 38 लाख कोरोना के टीके लगे, 1 लाख 60 हजार गैस कनेक्शन दिए गए, 2 लाख घरों तक नल से जल पहुंचाया, 3 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि दी गई।** श्री शाह ने उमेश कोलहे की हत्या के लिए तथाकथित हिन्दू रक्षक उद्धव ठाकरे को जिम्मेदार ठहराया। श्री एकनाथ शिंदे बाला साहब ठाकरे के संस्कारों को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। श्री शाह ने अमरावती से लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती नवनीत राणा को बहुमत से विजयी बनाने और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

****